हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 195 | कानपुर, बुधवार 13 जुलाई 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्य : 2 रुपये

**■ अब घर बैठे ऐप से बुक कर सकेंगे कानपुर मेट्रो के टिकट, लांच हुआ ऐप**

## पीएम मोदी ने देवघर एयरपोर्ट व एम्स का किया उद्घाटन, कहा- लाखों लोगों का सपना होगा साकार

देवघर में एयरपोर्ट व एम्स का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधिवत का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 16 हजार करोड़ से अधिक की लागत से विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। करीब 25 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि बाबाधाम आकर हर किसी का मन प्रसन्न प्राप्त होता है। बाबा बैद्यनाथ के आशीर्वाद से 16000 करोड़ से अधिक की योजना का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ हैं। हम सभी ने देवघर एयरपोर्ट और एम्स का सपना वर्षों से देखा है। लाखों लोगों का सपना साकार होगा ही, साथ ही रोजगार व स्वरोजगार का भी द्वार खुलेगा। इस प्रोजेक्ट झारखंड में शुरू हो रहे हैं लेकिन लाभ बिहार और बंगाल को भी होगा। राज्यों से विकास से राष्ट्र का विकास, देश इसी सोच के साथ काम कर रहा है। मिर्जाचौकी से फरक्का से पूरे संथालपरगना को फायदा होगा। देवघर की कनेक्टिविटी रांची, जमशेदपुर सड़क से राजधानी औद्योगिक नगरी से जुड़ जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रेलवे ट्रैक के विस्तार से नई रेल खुलेंगे। इस सभी का असर झारखंड के विकास पर पड़ेगा। चार वर्ष पहले एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था। हवाई चप्पल पहननेवाला भी हवाई यात्रा कर सके इसी सोच के साथ उड़ान योजना की शुरुआत की। उड़ान योजना के तहत 70 नए रुट तय किये। उड़ान योजना के तहत कभी बस और रेलवे का इंतजार करनेवाले हमारे लोग खुशी से बेल्ट बांध रहा है। बहुत जल्द पटना रांची और दिल्ली के लिए देवघर से हवाई सेवा शुरू होगी। बाबा बैजनाथ धाम में भी प्रसाद योजना के



तहत आधुकीनिक सोच के साथ काम हो रहा है। यह इस क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। झारखंड को सबसे बड़ा लाभ गैस आधारित अर्थव्यवस्था से हुआ है।

## गृहमंत्री बोले– पूरी दुनिया मंदी से जूझ रही, भारत पर असर कम

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री ने कहा है कि कोरोना महामारी के बाद पूरी दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है। हमारा देश भी इसी कारण से मंदी और महंगाई से जूझ रहा है पर, अगर दुनिया के दूसरे देशों से तुलना की जाए तो हमारा देश मंदी से कम प्रभावित हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनाई गई नीतियों के कारण पूरी दुनिया में छाई मंदी का भारत पर कम असर हो रहा है। सरकार की नई ड्रोन नीति, स्वास्थ्य नीति, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पॉलिसी से देश को फायदा हुआ है। आत्मनिर्भर भारत के आह्वान से देश में आद्योगिक उत्पादन का नया माहौल तैयार हुआ है। देश को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की कोशिशें की जा रही है।




कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि हमारे पड़ोसी देशों श्रीलंका और पाकिस्तान में महंगाई के कारण माहौल बिगड़ा हुआ। अमेरिका जैसा देश भी महंगाई से परेशान है। इन चुनौतियों पर हम भी नजर बनाए हुए हैं और महंगाई से निपटने के उद्देश्य से नीति निर्धारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि इज ऑफ डूईंग बिजनेस के मामले में हमारे देश की रैंकिंग में सुधार हुआ है। जहां 2014 में देश में स्टार्टअप ना के बराबर थे आज हमारा देश स्टार्टअप हब बनता जा रहा है। ऐसा इज ऑफ डूईंग बिजनेस के कारण संभव हो सका है।

## राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपदी मुर्मू को समर्थन देगी शिवसेना, उद्धव ठाकरे का ऐलान

शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति चुनाव में राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी. ठाकरे ने पार्टी के सांसदों, विधायकों और आदिवासियों सहित अन्य नेताओं के साथ विचार–विमर्श के बाद इस बात की औपचारिक घोषणा की. ठाकरे ने कहा, सांसदों की ओर से बिल्कुल कोई दबाव नहीं है, जैसा कि कई खबरों में दावा किया गया है. हालांकि, शिवसेना के कई नेताओं और आदिवासी समुदायों के पदाधिकारियों ने हमसे अनुरोध किया है. हमने राष्ट्रपति चुनाव के लिए द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने का निर्णय लिया है ।

ठाकरे ने कहा, मेरी पार्टी के आदिवासी नेताओं ने मुझसे कहा कि यह पहली बार है कि किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का मौका मिल रहा है । ठाकरे ने कहा, दरअसल, वर्तमान राजनीतिक



माहौल को देखते हुए, मुझे उनका समर्थन नहीं करना चाहिए था, लेकिन हम संकीर्ण मानसिकता वाले नहीं हैं । देश के नए राष्ट्रपति के लिए मतदान 18 जुलाई को होगा और वोटों की गिनती 21 जुलाई को की जाएगी. चुनाव जीतने पर मुर्मू देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी. कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समेत देश के प्रमुख गैर–भाजपा समर्थक दलों ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को संयुक्त उम्मीदवार बनाया है ।

## सीएम योगी ने दी 464 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात, बोले- हर शख्स को मिल रहा लाभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर जिले के नौ विधानसभा क्षेत्रों में विकास की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने शहर से लेकर देहात तक सुदृढ़ सड़कों के संजाल का लोकार्पण किया, तो बाढ़ से निजात के लिए बचाव से जुड़ी कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा से एक दिन पूर्व जनपद गोरखपुर में आज 463.60 करोड़ की 208 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास के अवसर पर मैं गोरखपुरवासियों को हृदय से बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। विकास हम सभी के जीवन में परिवर्तन लाता है। इसीलिए विभिन्न क्षेत्रों में विकास की परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। बिना भेदभाव के विकास का लाभ समाज के प्रत्येक तबके को प्राप्त हो सके, इस उद्देश्य पर सरकार निरंतर कार्यरत है। कहा कि कानून के साथ खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। यूपी सरकार के इस संकल्प के साथ आगे बढ़ने से लोगों का प्रदेश के प्रति पर्सेप्शन बदला है। विगत 05 वर्षों में 45 लाख से अधिक गरीबों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में एक–एक आवास उपलब्ध हुआ है। सीएम ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स को लोग हटाते थे, उन्हें शोषण का जरिया बनाते थे। लेकिन व्यवस्थित रूप से उन्हें योजनाओं के साथ जोड़कर उनके जीवन में उन्नयन लाने का कोई भी प्रयास इससे पूर्व नहीं हो पाया था। आज प्रदेश में 8.50 लाख स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के साथ जुड़कर उसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में 1.67 लाख+ गरीबों को निरूशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है। यूपी सरकार ने तय किया है कि दीपावली और होली पर्व पर उन्हें मुफ्त में



एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा। गोरखपुर क्लब में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 464 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का तोहफा दिया। वह 298 करोड़ 81 लाख 72 हजार रुपये से अधिक की लागत वाली 181 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व 164 करोड़ 77 लाख 95 हजार रुपये से होने वाले 27 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों से सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, पिपराइच, कैम्पियरगंज, चौरीचौरा, सहजनवां, चिल्लूपार, बांसगांव, खजनी को लाभान्वित किया गया है। सर्वाधिक कार्य सड़क व बाढ़ बचाव को लेकर हैं। साथ ही 2.32 करोड़ रुपये से तरकुलहा देवी मंदिर के सुंदरीकरण कार्य व खजनी आईटीआई में 4.35 करोड़ रुपये की लागत से बनी कार्यशालाओं तथा थ्योरी कक्षों का भी लोकार्पण हुआ।

## बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का दावा, राजस्थान में पार्टी अगले साल प्रचंड बहुमत के साथ बनाएगी सरकार

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को दावा किया भारत में केवल भाजपा ही राष्ट्रीय पार्टी है क्योंकि बाकी पार्टियां परिवारवाद, वंशवाद व व्यक्तिवाद तक ही सिमटकर रह गई हैं। इसके साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान में पार्टी अगले साल प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। नड्डा सिरोही जिले के माउंट आबू में राजस्थान भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित कर रहे थे। नड्डा ने कहा, भारत में केवल भाजपा ही राष्ट्रीय पार्टी है बाकि पार्टियां परिवारवाद, वंशवाद व व्यक्तिवाद तक ही सिमटकर रह गई हैं। हमें पार्टी में क्या मिला, उसकी चिंता छोडक़र यह सोचना चाहिए कि हमने देश को क्या दिया, पार्टी को क्या दिया? उन्होंने कहा, भाजपा केवल एक ऐसी पार्टी है, जो नेशन फर्स्ट (राष्ट्र पहले) को प्राथमिकता देती है। हमारा संकल्प यह होना चाहिए कि देश और पार्टी का भला होगा तभी हमारा भला होगा। कोई भी कार्य हो वह समय पर पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी होने के कारण राष्ट्रीय हितों के साथ स्थानीय आकांक्षाओं की पूर्ति करते हुए कार्य करती है। पार्टी के एक प्रवक्ता के अनुसार नड्डा ने आह्वान करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं का संवाद हो और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करने के प्रयास हों। हमें पद व दायित्व को सुगंधित करने का प्रयत्न ईमानदारी से करना चाहिए। पार्टी के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम से हम सम्मान और ऊंचाइयां पाते हैं, इसलिए कार्यकर्ता ही हमारी ताकत व पूंजी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी के पदाधिकारी इस शिविर से मिले ज्ञान व मार्गदर्शन को सकारात्मक ऊर्जा के साथ नीचे तक की इकाइयों में कार्यकर्ताओं तक लेकर जायेंगे।




जो मिशन 2023 के विजय संकल्प को प्रचंड बहुमत के साथ हासिल करने में मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वर्ष 2023 के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां, राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, राज्य विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया व प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर भी मौजूद थे। पूनियां ने कहा, राजस्थान की जनता में कांग्रेस के खिलाफ सरकार विरोधी लहर है, यह हमारे पक्ष में है। लेकिन इससे भी बड़ी बात है कि हम संगठन की ताकत से मिशन 2023 में प्रचंड बहुमत की भाजपा की सरकार बनाकर तथा 2024 राज्य की सभी 25 लोकसभा सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी और नड्डा को यह जीत समर्पित करेंगे। वहीं मेवाड़ अंचल जनजाति समाज ने द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने पर नड्डा को आभार पत्र सौंपकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार–अभिनन्दन व्यक्त किया।

## नए रूटों के मद्देनजर पीआरटीसी उठाने जा रही अहम कदम, पंजाब सरकार ने दी मंजूरी

पंजाब सरकार द्वारा जारी किए गए नए बस रूट परमिटों को ध्यान में रखते हुए पी.आर.टी.सी. द्वारा लोगों की सुविधा के लिए अपने बेड़े में 219 नई बसें शामिल की जाएंगी। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने आज यहां बताया कि नए रूटों के लिए पी.आर.टी.सी. को और नई बसों की जरूरत थी जिस कारण पी.आर.टी.सी. के बेड़े में 219 साधारण नई बसें शामिल करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्धी मंजूरी मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा दे दी गई है। परिवहन मंत्री ने बताया कि पी.आर.टी.सी. में किलोमीटर स्कीम के अधीन बसें डालने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और टैंडर निकाला जा चुका है जिसकी आखिरी तारीख 2 अगस्त है। मंत्री ने बताया कि किलोमीटर स्कीम का ऑपरेटर/बस मालिक पी.आर.टी.सी. को मुकम्मल रूप से नई बस मुहैया करवाएगा। बस के रख–रखाव/ ड्राइवर /इंशोरैंस/लोन की अदायगी



आदि की जिम्मेदारी ऑपरेटर/बस मालिक की होगी, जिसके बदले ऑपरेटर/बस मालिक को टैंडर में आए कम–से–कम रेट के अनुसार उसकी बस द्वारा तय किए गए किलोमीटरों के आधार पर हरेक महीने अदायगी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पी.आर.टी.सी. द्वारा बस के लिए केवल कंडक्टर मुहैया करवाया जाएगा और बस से होने वाली रूट आमदन पी.आर.टी.सी. के खाते में जमा होगी। इन 219 बसों के साथ पी.आर.टी.सी. अपनी निर्धारित माइलेज पूरी करने में सफल होगी, जिससे न केवल लोगों को बेहतर सफर सुविधा मुहैया होगी और पी.आर.टी.सी. की आमदन में इजाफा होगा, साथ ही राज्य के नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

# सम्पादकीय

## भयावह रूप लेता ध्वनि प्रदूषण


संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा हाल में जारी वार्षिक फ्रंटियर्स रिपोर्ट, 2022 के मुताबिक उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाद दुनिया का दूसरा सर्वाधिक ध्वनि प्रदूषित शहर है. यह भारतीय शहर दुनिया के उन शीर्ष आठ शहरों में शामिल है, जहां शोर का औसत स्तर 100 डेसिबल से ऊपर पहुंच चुका है. ढाका में दिन के समय शोर का स्तर 119 डेसिबल पहुंच जाता है, जबकि रामगंगा नदी के तट पर अवस्थित मुरादाबाद में इसे 114 डेसिबल दर्ज किया गया है. इस सूची में कोलकाता और आसनसोल (89 डेसिबल), जयपुर (84 डेसिबल) और दिल्ली (83 डेसिबल) भी शामिल हैं, जहां ध्वनि आवृति विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानक से अधिक पायी गयी है. गौरतलब है कि 2018 में जारी अपने दिशानिर्देशों में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिन के समय ध्वनि प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों के लिए पृथक मापदंड जारी किये थे. इसके मुताबिक सड़क यातायात में दिन के समय शोर का स्तर 53 डेसिबल, रेल परिवहन में 54, हवाई जहाज और पवन चक्की चलने के दौरान 45 डेसिबल से अधिक नहीं होना चाहिए. इससे ऊपर का शोर स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक माना जाता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, वायु प्रदूषण के बाद शोर स्वास्थ्य समस्याओं का दूसरा सबसे बड़ा पर्यावरणीय कारक है. जाहिर है, शोर का बढ़ता स्तर खतरे का सूचक है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. बेशक कर्णप्रिय, हल्की और मधुर ध्वनि रोजमर्रा की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण और मूल्यवान हिस्सा है, लेकिन परिवेश की ध्वनि जब श्शोरश बन जाती है, तो यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने लगती है. वायु और जल प्रदूषण की तरह ध्वनि प्रदूषण भी एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बनती जा रही है. यह एक अदृश्य खतरा है, जिससे बचकर न रहा जाये, तो यह हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और जीवनशैली को प्रभावित कर सकता है. ध्वनि प्रदूषण को सभी आयु वर्ग और सामाजिक समूहों में एक श्शीर्ष पर्यावरणीय जोखिमश और श्सार्वजनिक स्वास्थ्य बोझश के रूप में देखा जाने लगा है. लंबे समय तक उच्च स्तर के शोर के संपर्क में रहने से मानव का स्वास्थ्य और विकास दोनों प्रभावित होता है. शोर लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है. अवांछित और अप्रिय शोर हमें परेशान कर सकता है और तनावग्रस्त बना सकता है. इससे नींद में खलल पड़ती है. नींद खराब होने से सेहत प्रभावित होती है. उच्च ध्वनि का श्रवण हमारे सुनने की क्षमता को कमजोर कर बहरेपन की ओर ले जाता है.
संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, दुनियाभर में लगभग डेढ़ अरब लोग इस समय कम सुनाई देने की अवस्था के साथ जीवन गुजार रहे हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट दर्शाती है कि 2050 तक दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति यानी लगभग 25 प्रतिशत आबादी किसी न किसी हद तक श्रवण क्षमता में कमी की अवस्था के साथ जी रही होगी. ऐसे में कानों की सुरक्षा भी अहम हो जाती है. माना जाता है कि 85 डेसिबल या इससे अधिक आवृत्ति की ध्वनि किसी व्यक्ति के कानों को नुकसान पहुंचा सकती है. चिकित्सकों के अनुसार, तेज आवाज के संपर्क में आने से उच्च रक्तचाप, हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है. बच्चों, बूढ़ों और गर्भवती महिलाओं पर इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव होता है. उच्च ध्वनि क्षेत्रों में रहने से याददाश्त में कमी, ध्यान लगाने में परेशानी, पढ़ाई–लिखाई प्रभावित होना भी आम बात है. जो लोग ऐसे इलाकों में लंबे समय तक रहते हैं, वे पहले की तुलना में अपेक्षाकृत जोर से बोलना शुरू कर देते हैं और उन्हें धीमी आवाज सुनने में भी परेशानी होने लगती है. अपनी आवाज को दूसरों तक पहुंचाने के लिए भी वे अक्सर चिल्ला देते हैं, जिससे उनके शरीर और मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. ध्वनि प्रदूषण के चलते होने वाली श्टिनिटसश एक आम बीमारी है, जिसे कान बजना भी कहा जाता है. मानव कान अनुश्रव्य (20 हट्र्ज से कम आवृत्ति) और पराश्रव्य (20 हजार हट्र्ज से अधिक आवृत्ति) ध्वनि को सुनने में अक्षम होता है, लेकिन लगातार शोर के संपर्क में रहने से मानव कान कमजोर होते जा रहे हैं. इससे कानों में झनझनाहट की शिकायत बढ़ती जा रही है. कानों में लगातार उच्च आवृत्ति बच्चों के कान के पर्दे को कमजोर कर सकता है, जिससे कुछ आवृत्तियों को सुनने में असमर्थता भी शामिल है. द इंडियन जनरल ऑफ पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण भ्रूण, शैशवावस्था और किशोरावस्था सहित विकास के किसी भी चरण में बच्चे की सुनने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है. स्कूल या घर में अवांछित या तेज आवाज बच्चों के लिए सीखने की क्रिया को अधिक चुनौतीपूर्ण बना सकता है. इससे संचार एवं भाषण कौशल के विकास और सर्वांगीण प्रदर्शन पर भी असर पड़ता है. ऐसे में बच्चों को शांत माहौल उपलब्ध कराना अभिभावकों का प्रमुख कर्तव्य बन जाता है. बहरहाल, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2000 के तहत शोर उत्पन्न करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल, आवाज वाले पटाखा फोड़ने, हॉर्न बजाने और ऊंची आवाज में संगीत गाना और वाद्ययंत्र बजाना प्रतिबंधित है. अगर हम अपने–अपने स्तर पर शोर करना बंद कर दें, तो पूरा परिवेश शांत हो सकता है.

उदय समाचार
दैनिक
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
संपादक
उदय कुशवाहा
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।

# गुरु पूर्णिमा विशेष– अंधकार और प्रकाश दोनों को समेटे हुए है गुरु

आषाढ़ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है. इसे वेदव्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है. मान्यताओं के अनुसार इसी दिन चारों वेदों का ज्ञान देने वाले महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था. शिवपुराण के अनुसार, वेद व्यास जी भगवान विष्णु के अंशावतार माने जाते हैं. ऐसे में पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु की पूजा का भी विशेष महत्व होता है. महर्षि वेद व्यास ने ही पहली बार मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान दिया था. इसलिए उन्हें सृष्टि के पहले गुरु का दर्जा प्राप्त है. यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और गुरु पूर्णिमा के तौर पर बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के मनाया जाता है । शिक्षक में सर्वप्रथम अध्यापक आते हैं जिनका उत्तरदायित्व विद्यार्थी को शुरूआती ज्ञान उपलब्ध करवाना होता हैं. एक अध्यापक वह होता है जो विद्यार्थी में सीखने की इच्छा को जागृत करता है । उपाध्याय का पद अध्यापक से ऊपर होता है जो विद्यार्थी को किसी विषय वस्तु में जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ–साथ उसके बारे में ज्ञान भी देते हैं । आचार्य का स्थान उपाध्याय से ऊपर है जिन्हें वेदों व शास्त्रों का ज्ञान भी होता है. आचार्य वे होते हैं. जिन्होंने सभी वेदों और शास्त्रों का संपूर्ण अध्ययन किया हो और सभी विषयों के बारे में जानकारी रखता हो लेकिन किसी एक विशेष विषय में निपुणता प्राप्त की हो । पंडित का स्थान आचार्य से ऊपर होता है. आचार्य को वेदों–उपनिषदों में से किसी एक विषय के बारे में निपुणता प्राप्त होती है जबकि पंडितों को सभी विषयों में निपुणता प्राप्त होती है. इनका मुख्य कार्य सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठान करवाना, आम प्रजा को उचित मार्ग दिखाना व यज्ञ करवाना होता है । गुरु संस्कृत का एक शब्द है जो दो शब्दों के मेल से बना है जिसमे श्गुश का अर्थ श्अंधकारश व श्रुश का अर्थ प्रकाश से है अर्थात अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला. यहाँ अंधकार का अर्थ अज्ञानता से है जबकि प्रकाश का अर्थ ज्ञान से है. गुरु पूर्णिमा का स्वरुप बनकर आषाढ़ रुपी शिष्य के अंधकार को दूर करने का प्रयास करता है. शिष्य अंधेरे रुपी बादलों से घिरा होता है जिसमें पूर्णिमा रूपी गुरू प्रकाश का विस्तार करता है । गुरु पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह उज्जवल और प्रकाशमान होते हैं उनके तेज के समक्ष तो ईश्वर भी नतमस्तक हुए बिना नहीं रह पाते।

जिस प्रकार आषाढ़ का मौसम बादलों से घिरा होता है उसमें गुरु अपने ज्ञान रुपी पुंज की चमक से सार्थकता से पूर्ण ज्ञान का का आगमन होता है । वैसे तो हमने गुरु के बारे में बहुत कुछ बता दिया हैं लेकिन प्राचीन समय से लेकर वर्तमान समय में कई ढोंगी लोग स्वयं के गुरु होने का दावा करते है. इसके बारे में पहले से लेकर अब तक कई गुरुओं और सम्मानित व्यक्तियों ने चिंता व्यक्त की थी जिसमें से एक स्वामी




विवेकानंद भी थे. इसलिए गुरु को सभी वेदों और शस्त्रों का संपूर्ण ज्ञान हो, गुरु योग व आयुर्वेद में निपुण हो, गुरु शस्त्र विद्या में भी पारंगत हो, गुरु में ईर्ष्या, घृणा, लोभ, वासना जैसी भावनाएं ना हो, गुरु को आत्म–ज्ञान की प्राप्ति हो चुकी हो ।

# विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक को मिली सर कलम करने की धमकी, वाराणसी के घर में भेजी धमकी भरी चिट्ठी

विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक को उनके परिवार समेत जान से मारने की धमकी मिली है. एक चिट्ठी अरुण पाठक के वाराणसी के घर के पते पर जारी कर कहा गया है, श्अरुण पाठक तू लगातार इस्लाम के खिलाफ बोलते आया है. तूने हमारे रसूल के खिलाफ गुस्ताखी की है. इसलिए तुझे और तेरे परिवार को इसकी सजा मिलेगी. इंशाल्लाह तेरी गर्दन तक भी मेरा खंजर जरूर पहुंचेगा. गुस्ताख–ए–रसूल की एक ही सजा सर तन से जुदा.
अरुण पाठक ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है. उन्होंने कहा, श्मैं इन जिहादियों को बताना चाहता हूं कि मैं बाला साहेब ठाकरे का शिष्य हूं. इन सब धमकियों से नहीं डरने वाला. मेरे रहते इनका सपना साकार नहीं होगा. जब तक मेरे शरीर में लहू का एक भी कतरा रहेगा, तुम जैसे लोगों का गजवा हिंद का सपना नहीं पूरा हो पाएगा. श उन्ध्होंने कहा, मेरे परिवार और बच्चे भी इन जैसे जिहादियों के धमकियों से नहीं डरता है. हम नहीं डरेंगे. हम सनातन धर्म के लिए जो कार्य कर रहे हैं वे निरंतर करते रहेंगे.
अरुण पाठक ने बताया कि जो धमकी भरी चिट्ठी आयी है उसमें लिखा है, तुझे भी तेरे दोस्त कमलेश तिवारी और कन्हैया लाल के पास जल्द ही पहुंचा देंगे. चिट्ठी के नीचे लिखा है श्हम हैं नबी के नेक बंदे दारुल इस्लाम.श अरुण पाठक पिछले तीन दशक से श्रृंगार गौरी मंदध्रि में नियमित दर्शन पूजन को लेकर संघर्षरत है. इस्लाम विरोधी और हिंदुत्व समर्थन को लेकर अरुण पाठक लगातार कोई न कोई आयोजन करते आ रहे हैं.



# भारतीय बन सकता है ब्रिटेन का प्रधानमंत्री

ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री कौन होगा ? इस सवाल का जवाब सभी जानना चाहते हैं. इस बीच आपको बता दें कि बोरिस जॉनसन का स्थान लेने वाले ब्रिटेन में सत्तारूढ़ 'कंजर्वेटिव पार्टीश के नये नेता एवं देश के नये प्रधानमंत्री के नाम का ऐलान पांच सितंबर को किया जाएगा. पार्टी के नेतृत्व के चुनाव के लिए जिम्मेदार निकाय की ओर से इस बाबत जानकारी दी गयी है.

### प्रधानमंत्री पद के लिए अब तक 11 लोग पेश कर चुके हैं दावेदारी

नया प्रधानमंत्री निवर्तमान प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का स्थान ग्रहण करेगा. '1922 कमेटी ऑफ कंजर्वेटिव बैकबेंचश के सांसदों ने चुनाव के लिए समय सारिणी और नियम निर्धारित कर दिये हैं. चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर मंगलवार को शुरू और समाप्त भी हो जाएगी. यहां खास तौर पर यह बता दें कि प्रधानमंत्री पद के लिए अब तक 11 लोग दावेदारी पेश कर चुके हैं. ब्रिटेन के भारतीय मूल के पूर्व कैबिनेट मंत्री ऋषि सुनक का नाम भी इसमें शामिल है जो सुर्खियां बटोर रहा है. हालांकि विदेश मंत्री लिज़ ट्रस कंजर्वेटिव पार्टी में बोरिस जॉनसन की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे हैं.

### पांच सितंबर को हमारे पास होगा जवाब - ब्रैडी

'1922 समितिश के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रैडी ने कहा है कि निश्चित ही, पांच सितंबर को हमारे पास इसका जवाब होगा और पार्टी का नया नेता निर्वाचित होगा तथा उसकी घोषणा की जाएगी. यहां चर्चा कर दें कि ब्रिटेन के भारतीय मूल के पूर्व कैबिनेट मंत्री ऋषि सुनक की चर्चा भारत में हो रही है जिसके बारे में लोग जानने के इच्ध्छुक हैं. भारत के लोग यह जानना चाहते हैं कि आखिर पूर्व कैबिनेट मंत्री ऋषि सुनक कौन हैं जो पीएम पद की रेस में आ गये हैं.

### कहां हुआ ऋषि सुनक का जन्म

तो आइए आपको ऋषि सुनक के बारे में बताते हैं. ब्रिटेन के पीएम पद की रेस में शामिल




सुनक का जन्ध्म हैंपशायर में हुआ था. उन्होंने अपनी स्कूल की पढ़ाई ब्रिटेन के निजी विद्यालय विंचेस्टर कॉलेज से की जिसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी चले गये. यहां से उन्होंने दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र की पढ़ाई पूरी की. अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से सुनक ने एमबीए किया. पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपने करियर की शुरुआत इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैश से की.

### ऋषि सुनक का राजनीतिक सफर

ऋषि सुनक की बात करें तो वो पहली बार साल 2015 में रिचमंड, यॉर्कशायर के सांसद बने थे. उसके बाद से वे लगातार वहां का प्रतिनिधित्ध्व करते रहे. पिछले साल सुनक रिचमंड (यॉर्क्स) सीट से दूसरी बार सांसद चुन लिये गये थे. वित्त मंत्री होने से पहले उन्हें साल 2018 में ब्रिटेन के आवास मंत्री की जिम्ध्मेदारी सौंपी गयी थी. सुनक को अक्टूबर 2014 में पार्टी के पूर्व नेता और विदेश सचिव विलियम हेग के स्ध्थान पर रिचमंड (यॉर्क) के लिए कंजर्वेटिव उम्मीदवार चुना गया था. इसके बाद साल 2015 में आम चुनाव हुए, उन्होंने 19,550 वोट पाकर 36.2: के बहुमत से जीत दर्ज की.

### नारायण मूर्ति के दामाद हैं सुनक

प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के चुनाव प्रचार कैम्पेन जब चल रहा था तो उसमें सुनक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आये थे. मीडिया इंटरव्यू के लिए सरकार अक्सर उनपर विश्ध्वास जताती थी और उन्हें ही आगे रखा जाता था. कई मौके ऐसे भी आये जब टीवी डिबेट में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की जगह ऋषि को भेजा गया. आपको खास तौर पर यह जानने की जरूरत है कि ऋषि सुनक भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस के सह–संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं. अक्षता मूर्ति नारायण मूर्ति की बेटी हैं. अक्षता मूर्ति सुनक की पत्नी हैं.

# लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगा युवा विकास समिति ने दिया धरना, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर । बिन्दकी तहसील के लेखपाल पर पैसा मांगने का आरोप लगा तहसील परिसर में युवा विकास समिति ने धरना दिया। दोषी लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई व उचित समाधान किए जाने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में बिंदकी तहसील परिसर में धरना दिया गया। धरने पर बैठे संगठन के सदस्यों ने राजस्व कर्मी (लेखपाल) द्वारा खसरा खतौनी में नाम दर्ज कराने के नाम पर पैसे की मांग करने, खेत जमीन पर जबरन दबंगों द्वारा कब्जा करने पर शिकायत करने के बाद उचित समाधान ना करना, जो भी पीड़ित लोग अपनी विभिन्न समस्या लेकर लेखपाल के पास जाते हैं उनकी समस्याओं के निस्तारण करने के लिए पैसे मांगने का आरोप लगाया है। उन लोगों ने लेखपाल का विरोध भी किया है। युवा विकास समिति के प्रदेश सरकार ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा, राजस्व कर्मी (लेखपाल) द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का हमारा संगठन विरोध करता है।

उसी को लेकर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम अंजू वर्मा के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार पीयूष कुमार सिंह को देते हुए ऐसे भ्रष्टकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है।
धरना प्रदर्शन देने वालों में जिला प्रवक्ता आलोक गौड़, सचिव राम किशोर शर्मा, मेराज खान, अजय प्रताप सिंह, जय शंकर यादव,



नरेंद्र द्विवेदी, चंद्र भानू पटेल, शिवम दीक्षित और मुकेश मौजूद रहे।

## 'एक महिला ने छेड़खानी आरोप लगाकर कुरारा थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की'

हमीरपुर'– कुरारा थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी महिला ने एक ग्रामीण के खिलाफ हाथ पकड़कर खींचने व एक महिला ने धक्का देकर कमरे का दरवाजा बंद कर छेड़खानी करने का आरोप लगाकर थाने मे तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। कुरारा क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी रजनी पाल पत्नी मुन्ना पाल ने आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर बताया कि 9 जुलाई को सुबह सात बजे गाँव के डॉक्टर के पास पेट दर्द का इलाज कराने के लिए जा रही थी। रास्ते में गाँव निवासी जनक लाल ने हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींचा तभी कुसमा प्रजापति ने धक्का मारकर बाहर से कुंडी लगा दी तब मैंने शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्र हो गए तथा बाहर निकाला इसके बाद गांव की महिलाएँ घर तक छोड़ने गयी तथा भला बुरा कहा इससे प्रताड़ित होकर गांव के कुंए में कूदकर जान देने का प्रयास किया लोगो ने बचाव किया तथा इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया मेरा पति बाहर रहता है। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

### 'खेत में जानवरों के घुसने पर दबंगों ने दंपत्ति उसके पुत्रों व पुत्री के साथ की जमकर मारपीट'

'राठ(हमीरपुर)'–कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव में दबंग के खेत में एक दलित के जानवर घुस गये।जिससे आक्रोशित होकर दबंग ने अपने परिजनों के साथ मिलकर दलित दंपत्ति उसके दो पुत्रों व पुत्री को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया है।जिसकी नामदर्ज रिपोर्ट राठ कोतवाली में दर्ज कराई गई है। ग्राम कुर्रा निवासी दलित रूपसिंह(50) पुत्र स्वामीदीन ने बताया कि बीती सोमवार की दोपहर उसकी भैंसे व अन्य जानवर गांव के ही दबंग महेंद्र राजपूत पुत्र वंशगोपाल के खेत में घुस गये। जिससे आक्रोशित होकर उक्त दबंग उसके साथ जातिसूचक गाली गलौज करने लगा।जब उसने उसका विरोध किया तो महेंद्र ने अपने चचेरे भाई रामभरोसे पुत्र हरि सिंह, उसकी पत्नी नीलम,पुत्री नयशी,बहिन रेखा सहित आधा दर्जन परिजनों के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया।उसकी चीखपुकार सुन पत्नी पुष्पारानी(45) पुत्री दीक्षा (21)पुत्र प्रदीप अनुरागी(18) व हर्ष अनुरागी (16)उसे बचाने आये तो उक्त दबंगों ने उन्हें भी लाठियों से पीटकर घायल कर दिया।

# अब घर बैठे ऐप से बुक कर सकेंगे कानपुर मेट्रो के टिकट, लांच हुआ ऐप

## 31 जुलाई को होगी गो–स्मार्ट कार्ड की लांचिंग

कानपुर । यदि आप मेट्रो ट्रेन से यात्रा करते हैं तो लाइन में लगने की झंझट से बच सकते हैं। अब आप अपने मोबाइल पर 'कानपुर मेट्रो' नाम का ऐप डाउनलोड कर सकेंगे। इसकी मदद से घर बैठे अधिकतम पांच टिकट बुक करा सकेंगे। ऐप की शुरुआत मंगलवार से हो चुकी है । टिकट बुक कराते ही मोबाइल में क्यूआर कोड आ जाएगा।

मेट्रो स्टेशन के गेट के स्कैनर के आगे यह क्यूआर कोड दिखाते ही गेट दरवाजा खुल जाएगा। वापसी में भी इसी तरह काम करेगा। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार मोतीझील मेट्रो स्टेशन पर इस एप को लांच करेंगे। यूपीएमआरसी ने लखनऊ की तरह यहां भी मेट्रो का गो–स्मार्ट कार्ड तैयार किया है। इसका ट्रायल अंतिम चरण में है। मेट्रो रेल के डीजीएम (पीआर) पंचानन मिश्रा ने बताया कि यह ऐप 31 जुलाई को लांच किया जाएगा। गो–स्मार्ट कार्ड से यात्रा करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।



# एंबुलेंस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म, जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ

कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के परास गांव के मौजा भैरमपुर गांव में महिला को प्रसव के दौरान हुई पीड़ा जिस पर एंबुलेंस को दी गई जानकारी मौके पर पहुंची एंबुलेंस महिला को प्रसव के दौरान घाटमपुर सीएससी ला रही थी ।

उसी बीच रास्ते में महिला को प्रस्ताव के चलते अचानक दर्द होने लगा, जिस पर एंबुलेंस सहयोगी प्रसव पीड़ा को देखते हुए एंबुलेंस रास्ते में एक साइड खड़ी कर महिला का प्रसव कराया, और बताया कि महिला वह बच्चा दोनों स्वस्थ हैं ई एन टी जय वीर सिंह ने चालक उमाकांत व आशा बहू सुदाधा की मदद से प्रसव कराया जानकारी के अनुसार बता दें कि घाटमपुर तहसील क्षेत्र के परास गांव के मौजा भैरमपुर निवासी अमित प्रजापति की पत्नी सीमा देवी ने एंबुलेंस में दिया बच्चे को जन्म जिस पर जच्चा बच्चा दोनों को घाटमपुर सीएससी लाया गया है और दोनों को भर्ती कराया गया है एंबुलेंस स्टाफ ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ है ।



# अलग–अलग सड़क हादसों में रेलवे लोको पायलट समेत दो की मौत

कानपुर । बिधनू क्षेत्र में अलग–अलग सड़क हादसों में रेलवे कर्मी और दरवाजा खिड़की कारीगर की मौत हो गई। बिधनू के दलेलपुर गांव निवासी 40 वर्षीय लोको पायलट महेंद्र वर्मा सोमवार देर रात बाइक से ड्यूटी करने अनवरगंज रेलवे स्टेशन जा रहे थे। माधवबाग बाजार के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हेलमेट पहनने के बाद भी डंपर के पहिये की चपेट में आने से उनके सिर में गंभीर चोट आ गयी। जिससे महेंद्र वर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद चालक डंपर लेकर मौके से भाग निकला। छोटे भाई वीरेंद्र के मुताबिक महेंद्र अनवरगंज रेलवे स्टेशन में लोको पायलट पद पर कार्यरत थे। पत्नी प्रतिमा मैथा कानपुर देहात स्थित परिषदीय विद्यालय में अध्यापिका हैं। जिसके चलते वह आठ वर्षीय बेटे और पत्नी के साथ कल्याणपुर में किराए के मकान में रहते थे। दो दिन पहले बड़े भाई महेंद्र मूलगांव दलेलपुर आये थे। सोमवार देर रात ड्यूटी के चलते वह उनकी बाइक से अनवरगंज रेलवे स्टेशन जा रहे थे। वहीं शम्भुआ रेलवे ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार मौरंग लदे डंपर ने बाइक सवार फतेहपुर निवासी दरवाजा खिड़की कारीगर विकास (30) को रौंद दिया।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे चालक को डंपर समेत पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पत्नी उषा के मुताबिक विकास दिल्ली में अपने चाचा के कारखाने में स्टील की खिड़की दरवाजा बनाने का काम करते थे। दो सप्ताह पहले वह मूलगांव एकधरा फतेहपुर आये था। सोमवार देर रात पतारा स्थित रिश्तेदार के यहां से फतेहपुर वापस आ रहे थे। बिधनू थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।





# गश्त पर निकले सिपाही का नाले में पड़ा मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर । सोमवार रात गश्त पर निकला सिपाही मंगलवार सुबह नाले में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस सिपाही को अस्पताल लेकर पहुंची। हैलट में डॉक्टरों ने सिपाही को मृत घोषित कर दिया। यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर इलाके की है।

बताया जा रहा है कि सिपाही जगत नारायण कोयला नगर में तैनात था। चकेरी इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने बताया कि बाइक स्लिप होने के दौरान हादसा हुआ है। वह गश्त पर थे। उनके साथ एक साथी गार्ड भी था, लेकिन वह ठीक है।



# पति के साथ सो रही महिला की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

फतेहपुर । जिले में घर के बाहर पति के बगल में चारपाई डालकर सो रही महिला की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले छानबीन में जुट गई। गाजीपुर थानाक्षेत्र के बड़नपुर चौराहे के चतुर्भुज विद्यालय के पास स्थित मकान में बाहर चारपाई पर सो रही महिला रीता देवी (25) पत्नी राजकुमार पाल की बदमाशों ने रात करीब 1 बजे गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के समय मृतका का पति राजकुमार पाल बगल में पड़ी दूसरी चारपाई पर सो रहा था। महिला की हत्या से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। मृतका करीब 8 माह की गर्भवती थी।



# मार्कशीट के लिए चौथी मंजिल पर चढ़ा युवक, पुलिस ने करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद नीचे उतरवाया

कानपुर । कल्याणपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक दसवीं की मार्कशीट और अंकपत्रों के लिए नर्सिंग स्कूल की चौथी मंजिल पर चढ़ गया। युवक को नीचे उतरवाने के लिए पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। करीब पांच घंटे बाद पुलिस उस युवक को नीचे उतारने में कबयाब हो सकीय। युवक को इलाके के एसीपी दिनेश कुमार शुक्ला ने आश्वासन दिया की जैसे ही तुम नीचे आओगे तुम्हारे डाक्यूमेंट्स वापस दे दिए जाएगा। कन्नौज के ठठिया का रहने वाला प्रांशु लखनपुर स्थित पनेशिया इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग से दो वर्षीय ओटी टेक्निशियन का कोर्स कर रहा है। उसने आरोप लगते हुए कहा कि, संस्थान में उसने दसवीं की मार्कशीट और अंकपत्र जमा कराए थे।

लेकिन पिछले कुछ समय से जब वो संस्थान के अधिकारियों से अपने डाक्यूमेंट्स वापस मांग रहा था तो वो लोग टालमटोली कर रहे है। इसी बात को लेकर छात्र गुस्से में संस्थान की चौथी मंजिल पर कूदने के लिए चढ़ गया। उसको देखकर आस पड़ोस में खलबली मच गई। कल्याणपुर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। प्रिंसिपल डॉ डीपी तिवारी ने बताया कि, उन्होंने तीन महीने पहले ही चार्ज लिया है। उनसे पहले प्रिंसिपल सुजाता सैनी थीं, वह कई छात्रों की मार्कशीट ले गई है। संस्थान के मालिक डॉ. विकास शुक्ला ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।




## युवती के अपहरण के आरोपी को भेजा जेल

'हमीरपुर'– बीते पंद्रह दिन पहले एक युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौदहा कस्बे के पूर्वी तरौसी निवासी शुभ गुप्ता पुत्र ओमनारायण गुप्ता द्वारा मूल रूप से सुमेरपुर थाना क्षेत्र के इंगोहटा निवासी एक छात्रा का लगभग पंद्रह दिन पहले अपहरण कर लिया गया था जिसपर युवती के पिता की तहरीर पर कोतवाली में अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती की बरामदगी के साथ आरोपी की तलाश में टीमें गठित कर छापेमारी शुरू कर दी गई थी।जिसपर कोतवाली पुलिस ने सफलता प्राप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को शकुसल बरामद कर लिया।युवती के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर युवती के खाने पीने के सामान में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाने की बात सामने आने पर मुकदमे में धारा 328 बढाते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

कानपुर । महाराजपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। फतेहपुर जिले के औंग निवासी शमशाद खान (18) और सलमान (24) कानपुर की तरफ आ रहे थे। प्रेमपुर मोड़ के पास कानपुर–प्रयागराज हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने देखा तो भागकर पहुंचे। तब तक चालक गाड़ी लेकर भाग गया था। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी, सरसौल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हैलट के लिए रेफर कर दिया।



# खिड़की के रास्ते ज्वैलरी की दुकान में घुसे चोर, लाखों की ज्वेलरी चोरी

## फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर । घाटमपुर के पतारा कस्बा स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से 3 किलो चांदी समेत अन्य कीमती चीजें चुरा ली गईं। चोर झाड़ियों में खाली डिब्बे और बैग फेंक गए। घटना के बाद पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ ने व्यापारी से जानकारी ली है। भीतरगांव के कुम्हऊपुर गांव निवासी प्रह्लाद सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने बताया कि पतारा कस्बा स्थित सचान मार्केट में सिंह ज्वैलर्स के नाम से उनकी दुकान है। बीती रात वह रोज की तरह अपनी दुकान बंदकर चले गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसी दुकानदारों ने फोनकर उन्हें दुकान में चोरी की घटना की जानकारी दी। पहुंचे तो देखा कि अलमारी में रखे चांदी के लगभग तीन किलो के जेवरात गायब थे। चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए हैं। दुकान से लगभग पचास मीटर पीछे स्थित झाड़ियों में खाली डिब्बे वा बैग पड़ा मिला है। फोरेंसिक टीम ने ज्वैलर्स की दुकान पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। टीम को यहां पर कुछ फिंगरप्रिंट हाथ लगे हैं। माना जा रहा है कि ये निशान चोरों के की हैं, पुलिस घटना की जांच कर रही है। वहीं जांच में यह बात भी सामने आई कि चोर सचान मार्केट में पीछे लगी लकड़ी की एक खिड़की को तोड़कर अंदर दाखिल हुए। घाटमपुर सीओ तेज बहादुर सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर सर्राफा व्यापारी प्रह्लाद सिंह से घटना की जानकारी ली। जिस जगह पर बैग पड़ा मिला था, उस जगह पर पहुंचकर आने जाने के रास्ते की जानकारी जुटाई। सीओ ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।



## 'अज्ञात कारणों के चलते छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या'

'हमीरपुर'–कुरारा थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में छात्रा ने अज्ञात कारण के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव निवासी अमर चंद्र भुर्जी की पुत्री पुष्पांजलि 16 वर्ष ने दोपहर बाद 3 बजे अपने घर में खूंटे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि वह गांव स्थित इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ती थी। घटना की जानकारी परिजनों ने थाने में पुलिस को दी है। वही पुलिस ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# 2.75 करोड़ की लागत से तैयार विद्युत उपकेंद्र का केंद्रीय मंत्री ने किया लोकर्पण

फतेहपुर । जनपद के कलाना में 2.75 करोड़ की लागत से विद्युत उपकेंद्र तैयार हुआ है।नवनिर्मित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का केंद्रीय मंत्री और जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति ने लोकार्पण किया। इसके बाद बटन दबाकर बिजली सप्लाई चालू किया। लोकार्पण करने के बाद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि इस नए बिजली घर के शुरू हो जाने से उपभोक्ताओं को ओवरलोड, लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या निजात मिलेगी। 2 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण किया गया। 2016–17 में स्वीकृत 33/11केवी बिजली उपकेन्द्र कलाना का निर्माण कार्यदाई संस्था प्रभा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड वाराणसी ने किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में डबल विकास हो रहा है। हर घर बिजली मिले उसके लिए विद्युत उपकेंद्र बनवाया जा रहा है और बिजली देने का काम हमारी सरकार कर रही। आज बिजली के बिना कोई काम नही हो पाता। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता राकेश कुमार पांडेय,अधिशासी अभियंता राकेश कुमार वर्मा, उपखंड अधिकारी चंद्रवीर, अवर अभियंता वीके शर्मा, अवधेश उत्तम, रज्जन लाल त्रिवेदी, श्याम लाल निषाद, शिवाकांत, सविता, महेश चौरसिया, गंगाराम, राजेंद्र उत्तम, रामबली निषाद, सुरेश उत्तम समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे की मौत

बहराइच । नानपारा– लखीमपुर हाईवे पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार मां–बेटे घायल हो गये। उनको पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। लखीमपुर के शंकरपुर निवासी 35 वर्षीय राजू अपनी मां रमावती (55) को मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में मोतीपुर आया था। सोमवार को मां–बेटे घर जा रहे थे। नानपारा–लखीमपुर हाईवे पर लखीमपुर की तरफ से आ रही ऑल्टो कार ने गिरगिट्टी के पास मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

जिससे मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और मां–बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिहीपुरवा में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह ने



बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, बोले- किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए

कन्नौज । जिले में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार दोपहर जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमएस डॉ. शक्ति बसु को निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए। अगर कोई दवा अस्पताल में उपलब्ध नहीं है तो लोकल से खरीद कर दवा अस्पताल में रखें।पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में प्रदेश में सिर्फ 13 मेडिकल कॉलेज थे। इसके कारण चिकित्सकों की कमी है।

अब हर जनपद में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। जल्दी ही चिकित्सकों की कमी पूरी हो जाएगी। उन्होंने मरीजों से बातचीत भी की। एक्स–रे के इंतजार में बैठे एक मरीज की समस्या सुनकर तत्काल एक्सरे कराने के निर्देश दिए।



# पुलिस व स्वाट टीम ने 9 किलो चरस के साथ बिहार के युवक को किया गिरफ्तार

महराजगंज । बिहार का एक युवक नौ किलो चरस के साथ पकड़ा गया है। कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने कोतवाली क्षेत्र के शिकारपुर नहर रोड के पास से तस्कर को आज तड़के सुबह करीब तीन बजे धर दबोचा। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। एसपी डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए अभियान पुलिस चला रही है। इसी क्रम में बिहार का एक युवक नौ किलो चरस के साथ पकड़ा गया है। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि युवक के पास से बरामद चरस नेपाल से भारत पहुंचा था। कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी। बिहार राज्य के बेतिया जिले के थाना बगहा क्षेत्र के गांधीनगर निवासी विशाल चौरसिया(30) भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर कहीं जा रहा है। जिसके बाद कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से शिकारपुर नहर रोड के पास से आरोपी युवक को सुबह तीन बजे गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपी के कब्जे से बरामद बैग में से कुल नौ किलो चरस बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। वहीं आरोपी युवक के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फ़ोन और 1630 रुपये नगद बरामद की है। पुलिस के जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी युवक नेपाल से चरस लेकर महराजगंज पहुंचा था। जिसे आसपास के जिलों के अलावा देश की राजधानी दिल्ली में भी चरस कि



तस्करी की जानी थी। एसपी ने आरोपी युवक की गिरफ्तारी के बाद गिरफ्तार करने वाली टीम को पंद्रह हजार रुपये की इनाम देने की घोषणा भी की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर शातिर किस्म का अपराधी है और दिल्ली समेत नेपाल में भी नशीले पदार्थों की तस्करी करता था जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

इटावा । जिले के इकदिल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक युवक की मामूली कहा सुनी के बाद पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची संबंधित थाने की पुलिस मामले की जांच में जुट गई। इकदिल थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी गिरजेश कुमार (32) पुत्र बाल किशन का मंगलवार सुबह एक व्यक्ति से गिट्टी हटाने को लेकर विवाद हो गया था। इस बीच दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि दूसरे पक्ष ने गिरजेश पर लाठी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में गिरजेश के सिर पर रॉड लगने से वह बेहोश हो कर गिर पड़ा।

आनन–फानन परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है। वहीं पुलिस मृतक के परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।



# छत से गिरकर मजदूर की मौत, पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

बांदा । जिले में तिंदवारी कस्बे के शंकर नगर निवासी 45 वर्षीय मजदूर सूरज वर्मा की सोमवार रात छत से गिरकर मौत हो गई। रात करीब दो बजे ट्रक से ईंटें उतार कर वापस घर जा रहे पड़ोसी अजय वर्मा ने बताया कि सूरज छत के नीचे गली में गिरा पड़ा था। उसके सिर से खून निकल रहा था। शोर मचाकर पड़ोसियों को जगाया। आनन–फानन सूरज को पीएचसी ले जाया गया, यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसी अजय वर्मा ने बताया कि सूरज मजदूरी कर जीवनयापन करता था। सोमवार को पत्नी अमित कुमारी



बच्चे के साथ बहन की बेटी की गोद भराई कार्यक्रम में मुंगुस गांव चली गई थी। मजदूर सूरज अपने पीछे पत्नी अमित कुमारी सहित खुशी (8 वर्ष), खुशबू (6 वर्ष), मुस्कान (5 वर्ष), महिमा (4 वर्ष) व बेटा युवराज (2 वर्ष) को रोता बिलखता छोड़ गया। भूमिहीन सूरज वर्मा दिहाड़ी मजदूर था ।

# बण्डवा पंचायत भवन पर संपन्न हुई गोद भराई की रस्म



हमीरपुर'– जनपद के विभिन्न विकासखंडों की आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म निभाई गई! इस दौरान गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की देखभाल को लेकर कई जानकारी भी दी गई। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण की जरूरत के बारे में गर्भवती महिलाओं को अवगत कराना है। क्षेत्र के सरीला विकासखंड के बंडवा गांव के पंचायत भवन पर पिंकी गुप्ता ने गर्भवती महिला रीता देवी की गोद भराई की रस्म निभाई गई इस मौके पर उपस्थित सफल शुरुआत कार्यक्रम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शिव बदन नामदेव ने बताया कि माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने लाने के लिए गर्भवती के साथ परिवार के लोगों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देना चाहिए। बेहतर पोषण एक स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ मृत्यु दर में कमी भी लाता है। गर्भ के दौरान शरीर को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। जनपद में सफल शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हम प्रमुख रूप से समय पर संपूर्ण टीकाकरण तथा खास मौकों पर साबुन से हाथ धोने की आदत में बढ़ोतरी हेतु कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर सीएसची प्रभारी बृजेश कुमार द्विवेदी, पंचायत सहायक नंदकिशोर एंव आगनवाडी कार्यकत्री व आशा बहू मौजूद रही!

# रेलवे की जमीन पर किए अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर, प्रशासन ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी

हरदोई । जिले के कछौना में बालामऊ जंक्शन पर रेलवे की जमीन पर किए अतिक्रमण पर बुलडोजर गरजा। रेलवे प्रशासन ने पांच जुलाई को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी कुछ लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। इसके चलते यह कार्रवाई की गई। बालामऊ जंक्शन पर रेलवे की जमीन पर किए गए अतिक्रमण पर मंगलवार को बुलडोजर चलवाया गया। गुमटियों को हटाया गया। बालामऊ जंक्शन के सीनियर सेक्शन इंजीनियर जगदीश मौर्या ने बताया कि लोको लॉबी के पीछे रेलवे की भूमि पर अतिक्रमणकारियों को पहले से ही सख्त हिदायत दी चुकी थी। 5 जुलाई को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने का समय दिया था। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। रेलवे सीमा का चिन्हांकन कराया गया है। जल्द ही बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार, आरपीएफ प्रभारी रामनरेश, जीआरपी चौकी प्रभारी अरुण कुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहे।



# आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों में मचा कोहराम

फर्रुखाबाद । जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी राजू (35) का शव मंगलवार सुबह गांव के पास एक आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला। जानकारी पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने गांव के एक युवक पर लेनदेन के विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस आत्महत्या का मामला मान रही है। राजू के माता–पिता की मौत हो चुकी है। उसकी एक बहन की शादी हो चुकी



है। राजू इकलौता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल है।

# पुलिस प्रताड़ना से परेशान वृद्ध फांसी पर झूला, आक्रोशित परिजनों ने हाईवे किया जाम

महोबा । जिले में चिटफंड कंपनी द्वारा लाखों रुपये हड़पने और दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने पर राजीनामा के लिए पुलिस प्रताड़ना से परेशान वृद्ध ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से आक्रोशित परिजनों ने बजरंग चौके के समीप कानपुर–सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सीओ व कोतवाली प्रभारी के आश्वासन पर आधा घंटे बाद जाम खुल सका। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली ने दरोगा समेत सात लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना खरेला के बरायं गांव निवासी प्रमोद कुमार उदैनिया वर्तमान में शहर के बजरंग चौक स्थित आवास में रह रहे थे। सोमवार की रात उन्होंने मकान के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उसके पिता चिटफंड कंपनी में एजेंट थे। उन्होंने कंपनी में लाखों रुपये जमा कराया। समयसीमा पूरी होने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा था। जिससे जमाकर्ता पैसा वापसी को लेकर परेशान कर रहे थे और जानमाल की धमकी दे रहे थे। पुलिस से शिकायत करने के बाद कंपनी के अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर 30 जून को कंपनी के छह लोगों पर कोतवाली चरखारी में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप लगाया कि मामले की विवेचना कर रहे एसआई श्यामदेव कंपनी के अधिकारियों से मिलकर पिता पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। राजीनामा न करने पर जेल में डाल देने की धमकी दी जा रही थी।

पिता से सादा स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर बनवाए गए और बाद में स्टांप टाइप्ड कराकर फोटोकॉपी पिता को दी गई। इसे पढ़कर पिता भयभी हो गए और परिजनों को पूरा मामला बताया। सोमवार की शाम दरोगा



का दोबारा फोन आने पर नहीं उठाया और पुलिस प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा ली। दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने हाईवे पर शव रखकर जाम लगाया। आधा घंटे पर जाम लगने की सूचना पर पहुंचे सीओ रामप्रवेश राय व कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह ने कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# 'करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत'


हमीरपुर'– मंगलवार सुबह बिजली का करंट लगने से एक मोर की मौत हो गई।सूचना पर पहुंचे हिंदू वादी संगठनों के नेताओं के साथ स्वास्थ्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने मोर का अंतिम संस्कार किया और श्रद्धांजलि दी। मंगलवार सुबह मौदहा कस्बे के मराठीपुरा में एक मोर बिजली के तारों की चपेट में आ गया जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।राष्ट्रीय पक्षी की मौत की सूचना मिलने पर स्वास्थ विभाग और पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर मोर के मृत शरीर की जांच की और उसके बाद कस्बे के आशीष सिंह, कौशलेंद्र सिंह, अभिमन्यु द्विवेदी, प्रहलाद सिंह, अभिजीत सिंह, शिवेंद्र सिंह, भाऊ सिंह आदि युवाओं ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का धार्मिक अनुष्ठान और विधि विधान के साथ मोर का अंतिम संस्कार किया और दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# चार दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

## परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी, पुलिस कर रही जांच

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र मे एक युवक चार दिन पूर्व घर से कहीं लापता हो गया परिजनों के काफी खोजबीन के बाद जब युवक नहीं मिला तो कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है ।

बताते चलें कि घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के रार गांव निवासी रणजीत उर्फ मंजिल उम्र 25 वर्ष पुत्र काली दीन ने बताया कि उनका पुत्र रणजीत और मंजिल 4 दिन पूर्व कहीं



लापता हो गया है परिजनों ने इसकी जानकारी सभी संपर्क स्थानों पर खोजबीन कर ली है जिसका कहीं सुराग नहीं लगा है मंगलवार को कोतवाली घाटमपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई है थानाध्यक्ष ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रार गांव निवासी रणजीत जो कि 4 दिन पूर्व से लापता है परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है जिसकी गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है

# सुमेरपुर थानाध्यक्ष भरत कुमार के नेतृत्व में छः वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार

'हमीरपुर'–पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल द्वारा वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुमेरपुर थानाध्यक्ष भरत कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक लाल जी सरोज,आरक्षी विनीत कुमार, हरिओम शर्मा, सत्यपाल सिंह व महिला आरक्षी मंजू देवी के द्वारा केस नं0 2700/15 धारा 147,323,504,506 भारतीय दंड संहिता के वारंटी अभियुक्तगण कमल सिंह पुत्र महिपत सिंह,मुणसू पुत्र फेरन सिंह,सुरेन्द्र पुत्र रामजीवन निवासीगण ग्राम सुरौली बुजुर्ग थाना सुमेरपुर तथा वाद संख्या 2444/2019 धारा 452, 323, 504, 506, 308 आईपीसी के वारण्टी अभियुक्तगण सुमित्रा पत्नी गया प्रसाद, दयारानी पत्नी कामता व शिवप्रसाद उर्फ चुनकू पुत्र कामता निवासीगण ग्राम सिमनौड़ी थाना सुमेरपुर कुल छह वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार



कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया!